Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 04-12-2006

Participants : Thummar Shri Virjibhai

an>

Title: Need to convert metre gauge line into broad gauge between Jetalsar to Dhasa in Gujarat.

श्री वी.के. ठुम्मर (अमरेली) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली जिले को जोड़ने वाली जेतलसर से ढासा के बीच मीटर गेज रेल वे लाइन है, जहां से कई व्यापारिक गतिविधयां चल रही हैं और पिपावाव पोर्टस भी पासमें है, जिसके कारण इस मीटरगेज लाइन को ब्रॉड गेज लाइन में बदलना अति आवश्यक है। ब्रॉड गेज लाइन के बनने से सौराट्र के कई हिस्सों से देश के अन्य दूर क्षेत्रों के लिए नयी रेलवे सेवा भी शुरू की जा सकती है। जब तक इस मीटर रेलवे लाइन को ब्रॉड गेज लाइन में नहीं बदला जाएगा, तब तक सौराट्र के लोगों को आधुनिक रेल सेवा की सुविधा प्राप्त नहीं हो सकती है। इस संबंध में मैंने कई बार रेल मंत्री जी को अनुरोध किया है। माननीय मंत्री जी ने सदन के माध्यम से बताया कि इसके सर्वे का कार्य हो रहा है, परंतु इस कार्य में नाहक देरी की जा रही है।

सदन के माध्यम से अनुरोध है कि इस मीटर गेज लाइन को ब्रॉड गेज लाइन में सर्वे का कार्य शीघ्र करवाकर इस कार्य का आने वाले बजट में प्रावधान किया जाए।